# मॉडल प्रश्न–पत्र–I

## कक्षा – बारहवीं

## विषय – लेखांकन

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

**निर्देश**–1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्न क्रमांक 1 में चार भाग है–(अ) बहुविकल्पीय (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति (स) सत्य/असत्य (द) सही जोड़ी मिलाओ। प्रत्येक पर एक अंक है।
3. प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक पर 2 अंक आबंटित है।
4. प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक पर 3 अंक आबंटित है।
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक पर 4 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है।
6. प्रश्न क्रमांक 24 व 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक पर 5 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है।
7. प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है।

प्रश्न 1. **खण्ड (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

(i) देनदारों के अनुसार विनिमय विपत्र है–

(अ) प्राप्य विपत्र (ब) देय विपत्र

(स) बेचान (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

(ii) अंतिम खाते बनाये जाते हैं–

(अ) पंजी के आधार पर (ब) तलपट के आधार पर

(स) सहायक बही के आधार पर (द) रोकड़ बही के आधार पर

(3) पास बुक का डेबिट शेष कहलाता है–

(अ) शेष (ब) अधिलेकर्ष

(स) शेष/अधिविकर्ष (द) इनमें से कोई नहीं

(4) इनमें से कौन–सा ह्रास का कारण है–

(अ) सामान्य घिसावट (ब) अप्रचलन होने के कारण

(स) सम्पत्ति की कीमत (द) बाजार मूल्य में कमी या बढ़ोत्तरी

(5) विक्रेता द्वारा व्यापारिक वस्तुओं के आधार पर विक्रय के लिए देनदार द्वारा दी गई स्वकृति लिखी जाती है–

(अ) प्राप्य विपत्र बही में (ब) देय विपत्र बही में

(स) क्रय बही में (द) रोजनामचा

**खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–** (1 × 5 = 5)

(1) खाता–बही में विभिन्न प्रकार के .................................. होते हैं।

(2) इकहरा लेखा प्रणाली, व्यवसाय लेने–देने के अभिलेखन की काफी .................................. विधि है।

(3) पूँजी = कुल संपत्तियाँ + ..................................

(4) प्रत्येक साझेदार का दायित्व .................................. होता है।

(5) जब फर्म व्यवसाय को बंद करने का निर्णय लेती है, तो यह ................. कहलाता है।

**खण्ड (स) सत्य/असत्य बताइए–** (1 × 5 = 5)

(1) मशीनरी के अवक्षयण पर पूनर्मूल्यांकन खाते के नाम में लिखा जाता है।

(2) सेवानिवृत्त साझेदार के भाग की ख्याति को सेवानिवृत्ति के समय उसके पूँजी खाते में नाम किया जाता है।

(3) ख्याति का लेखा बहियों में लेखा तभी किया जाता है, जब उसे क्रय किया जाता है।

(4) कंपनी की सम्पत्ति अंशधारियों की संपत्ति होती है।

(5) लेखांकन अनुपात की वित्तीय स्थिति को समझने में उपयोगी है।

**खण्ड (द) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में दीजिये–**

(1 × 5 = 5)

(1) पूँजी कितने प्रकार की होती है।

(2) अंशों के पुननिर्गमन का अर्थ बताइए।

(3) चालू अनुपात का अर्थ बताइए।

(4) बिन्दू रेखा क्या है ?

(5) डाटाबेस का एक उदाहरण दीजिए।

प्रश्न 2. मुद्रा माप अवधारणा का अर्थ बताइए। (2)

प्रश्न 3. आहरण से क्या आशय है ? (2)

प्रश्न 4. यदि तलपट के दोनों स्तम्भों के योग समान नहीं है तो अंतर की राशि को किस खाते में लिखा जायेगा ? (2)

प्रश्न 5. उचन्त खाता क्यों तैयार किया जाता है। (2)

प्रश्न 6. ह्रास क्या है ? (2)

प्रश्न 7. अलाभकारी संगठन से क्या आशय है ? (2)

प्रश्न 8. इकहरा लेखाप्रणाली की दो सीमाएँ बताइए। (2)

प्रश्न 9. साझेदारी की दो मुख्य विशेषताएँ लिखिए। (2)

प्रश्न 10. नये साझेदार को प्रवेश देने की आवश्यकता के दो कारण लिखिए। (2)

प्रश्न 11. फर्म का समापन किसे कहते हैं। (2)

प्रश्न 12. वित्तीय विवरणों की विश्लेषण के कोई दो उपकरणों के नाम लिखिए। (2)

प्रश्न 13. पे रोल लेखांकन क्या है ? (2)

प्रश्न 14. निम्नलिखित व्यवहारों की पंजी प्रविष्टि कीजिए– (3)

(1) रु. 3,00,000 रोकड़ से व्यापार आरम्भ किया।

(2) रु. 5,000का माल उधार रमेश से क्रय किया।

(3) रु. 12,000माल रोकड़ में एवं 8,000 का उधार विजय से क्रय किया।

प्रश्न 15. किसी व्यवसायी द्वारा रखी जा रही किन्हीं तीन बहियों के नाम लिखो। (3)

प्रश्न 16. स्थायी किस्त पद्धति एवं घटती किस्त पद्धति में तीन अंतर लिखिए। (3)

प्रश्न 17. 31.12.2013 को समाप्त वर्ष के लिए आय–व्यय खाता दर्शाने के लिए चन्दे की राशि की गणना कीजिए– (3)

| विवरण | राशि (रु.) |
|---|---|
| 2013 में प्राप्त चंदा | 10,000 |
| 2012 में अदत्त चंदा | 2,000 |
| 2012 में 2013 के लिए प्राप्त चंदा | 400 |
| 2013 में 2014 के लिए प्राप्त चंदा | 600 |
| 2013 के लिए अदत्त चंदा | 1,000 |

प्रश्न 18. प्राप्ति एवं भुगतान खाता तथा रोकड़ बही में अंतर कीजिए। (3)

प्रश्न 19. एक कंपनी ने 215 वाले 20,000 समता अंश जनता को जारी किस संपूर्ण राशि एक मुश्त प्राप्त हो गई। कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। (3)

प्रश्न 20. कृष्णमोहन लिमिटेड ने 1 अक्टूबर, 2008 को एक मशीन 90,000 की खरीदी अैर उसकी स्थापना करने में 20,000 रु. और खर्च किए। ह्रास उसके लागत मूल्य पर 10% की दर से लगाया जाता है। कम्पनी की पुस्तकों में तीन वर्षों का मशीन खाता बनाइए। यदि खाते 31 मार्च को बन्द होते हैं। (4)

अथवा

संचय के उद्‌देश्य क्या है ? कोई चार बताइए।

प्रश्न 21. एक्स लि. ने 100 प्रति अंश के 300 अंशों को जब्त किया, जिन पर 30 रु. प्रति अंश की अन्तिम याचना राशि प्राप्त नहीं हुई है, अन्य याचनाएँ समय पर प्राप्त हो गई है। अंशों की जब्ती का लेखा करने के लिए रोजनामचा प्रविष्टि कीजिए। (4)

अथवा

निवेदिता एण्ड कम्पनी ने 20 रु. वाले 20,000 समता अंश जनता को जारी किए सम्पूर्ण राशि एक मुश्त प्राप्त हो गई। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

प्रश्न 22. निम्नलिखित सूचना से स्टॉक आवर्त की गणना कीजिए– (4)

| | |
|---|---|
| प्रारंभिक स्कंध | 45,000 रु. |
| अंतिम स्कंध | 55,000 रु. |
| क्रय | 1,60,000 रु. |

अथवा

नीचे दिए गए आँकड़ों से सकल लाभ अनुपात की गणना करे–

विक्रय 3,25,000 रु., विक्रय वापसी 2,500रु., बिके माल की लागत 2,40,000 रु.।

प्रश्न 23. स्प्रेडशीट की विशेषता का वर्णन कीजिए। (4)

अथवा

पे रोल लेखांकन के अवयव गिनाइए।

प्रश्न 24. पुस्तपालन एवं लेखांकन में अंतर स्पष्ट कीजिए। (5)

अथवा

मुद्रा माप अवधारणा के अर्थ एवं महत्व को बताइए।

प्रश्न 25. आशू, असमिता एवं मीतू साझेदार है ये लाभ का विभाजन 4:3:2 के अनुपात में करते हैं। आशू सेवानिवृत्त होता है। यह माने कि असमिता व मीतू भविष्य में लाभ को 5:3 के अनुपात में विभाजित करेंगे। अधिलाभ अनुपात की गणना कीजिए। (5)

अथवा

$x$ और $y$ दो साझेदार है जो लाभ–हानि का विभाजन 3:2 से करते हैं 31.03.2018 को समापन का निर्णय करते हैं। उनका चिट्ठा निम्नासार है–

चिट्ठा

31.03.2018

| दायित्व | राशि | संपत्ति | राशि |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 20,000 | देनदार | 20,000 |
| पूँजी | | मशीन | 5,000 |
| $x$- 10,000 | | भवन | 20,000 |
| $y$- 20,000 | 30,000 | रोकड़ | 5,000 |
| | 50,000 | | 50,000 |

(1) देनदारों से 15,000 रु. प्राप्त हुआ।

(2) मशीन से 7,000 रु.

(3) भवन से 18,000 रु. प्राप्त हुआ।

वसूली खाता तैयार कीजिए।

प्रश्न 26. 31.12.2018 को मोहन का तलपट तैयार करें– (6)

पूँजी 40,000 रु., लेनदार 5,000 रु., बैंक अधिविकर्ष 4,000 रु., देयबिल 2,000 रु., प्रारम्भिक स्कन्ध 6,000 रु., क्रय 25,000 रु., देनदार 6,500 रु., विक्रय 20,000 रु., क्रय वापसी 1,000 रु., विक्रय वापसी 500 रु., मशीनरी 24,000 रु. बैंक शेष 1,000 रु. प्राप्त विपत्र 5,000 रु.।

अथवा

1 अप्रेल 2014 को रोहन की रोकड़ बही द्वारा दर्शाया गया अधिविकर्ष 16,000 रु. था। 6,00 रु. के चैक बैंक मे संग्रहण हेतु भेजे गए लेकिन इस तिथि तक इनका संग्रहण नहीं हुआ। रोहन ने 8,000 रु. के चेक निर्गमित किए लेकिन बैंक को इनका भुगतान प्राप्त नहीं हुआ। यहाँ पास–बुक में ब्याज 500 रु. तथा 200 रु. बैंक शुल्क के रूप में नाम किए गए।

एक चैक, जिसका मूल्य 5,000 रु. था बैंक को भेजा गया लेकिन उसे रोकड़ बही में दो बार नाम किया गया। 1 अप्रैल 2014 को बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिए।

प्रश्न 27. नमन और अस्मिता 1 जनवरी 2006 को 1,00,000 रु. प्रत्येक की पूँजी के साथ व्यापार आरम्भ करते हैं। आहरण पर ब्याज क्रमशः 200 व 100 रु. है। इनकी पूँजी पर 8% वार्षिक ब्याज दिया जाता है। नमन को 2,000 रु. प्रतिमाह वेतन दिया जाता है, वे ब्याज व वेतन से पहले 94,000 रु. का लाभ अर्जित करते हैं। वे लाभ का बँटवारा 2:1 के अनुपात में करते हैं।

लाभ व हानि विनियोजन खाता और साझेदारों के पूँजी खाते बनाइये। (6)

अथवा

'अ' और 'ब' साझेदार है लाभ का विभाजन 5:3 में करते हैं, वे 'स' को साझेदारी में 1/4 भाग के लिए प्रवेश देते हैं। नए लाभ विभाजन अनुपात एवं त्याग अनुपात की गणना कीजिए।